नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

संचिका संख्या ..../ पत्रांक ..661........../सा0सु0, दिनांक ..02/12/........./2020

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
नालन्दा।

सेवा में,

सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
नालन्दा जिला।

विषय : **दिनांक 03 दिसम्बर, 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 24 नवम्बर से 23 दिसम्बर, 2020 तक राज्य स्तर व जिला स्तर पर आयोजित दिव्यांग माह के क्रम में तथा कोविड–19 के संक्रमण एवं उससे उत्पन्न स्थितियों का विशेषतया दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले कुप्रभावों के निवारण हेतु की गई अथवा की जानी वाली आवश्यक कार्रवाई का राज्य आयुक्त, निःशक्तता द्वारा अनुवीक्षण/समीक्षा हेतु जिला स्थित विविध प्रखण्डों में दिनांक 04.12.2020 से समीक्षात्मक कार्यक्रम के संबंध में।**

प्रसंग : अपर आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना के पत्रांक 1470 दिनांक 27.11.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संदर्भ में दिनांक 03 दिसम्बर, 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 24 नवम्बर से 23 दिसम्बर, 2020 तक राज्य स्तर व जिला स्तर पर आयोजित दिव्यांग माह के क्रम में तथा कोविड–19 के संक्रमण एवं उससे उत्पन्न स्थितियों का विशेषतया दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले कुप्रभावों के निवारण हेतु की गई अथवा की जानी वाली आवश्यक कार्रवाई का राज्य आयुक्त, निःशक्तता द्वारा अनुवीक्षण/समीक्षा हेतु दिनांक 04 दिसम्बर, 2020 से जिला व जिला स्थित प्रखण्डों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हेतु कार्यक्रम निर्धारित की गई है।

अतः समीक्षा के दौरान गृह मंत्रालय, भारत सरकार व गृह विभाग, बिहार सरकार द्वारा कोविड–19 के संक्रमण को रोकने हेतु निर्गत एहतियाती कदमों/निदेशों का पूर्ण अनुपालन की जाय। विदित हो कि राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना राज्य सरकार के सचिव स्तर के पदाधिकारी हैं। उक्त कार्यक्रम में सहयोग हेतु नयाचार पदाधिकारी (प्रोटोकॉल ऑफिसर) के रूप में पंकज कुमार निराला, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बिहारशरीफ, को नामित किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0

जिला पदाधिकारी,
नालन्दा।

ज्ञापांक..661........./सा0सु0, दिनांक 02/12/2020

प्रतिलिपि :– पंकज कुमार निराला, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बिहारशरीफ, को अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला प्रबंधक बुनियाद केन्द्र, अस्थावाँ/केन्द्र प्रबंधक, राजगीर एवं इसलामपुर को आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ, राजगीर एवं हिलसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– नजारत–उप–समाहर्त्ता, नालन्दा, को आवास परिसदन में ठहराव के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– असैनिक शल्य चिकित्सा मुख्य पदाधिकारी, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु

ई–मेल :–adssnalanda@gmail.com
फैक्स सं0 :– 06112-235205(R), 236854(O)
दूरभाष सं0 :–06112- 230412(O)
जिला बेवसाईट :–http://nalanda.bih.nic.in

नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

संचिका संख्या ..../ पत्रांक 661 ..../सा0सु0, दिनांक 04/12/ ..../2020

प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिले के तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– पुलिस अधीक्षक, नालन्दा, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि आगमन तिथि से प्रस्थान की तिथि तक उनकी सुरक्षा हेतु स्कॉट एवं अंगरक्षक उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– राज्य आयुक्त, निःशक्तता, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी,
नालन्दा।

ई–मेल :–adssnalanda@gmail.com
दूरभाष सं0 :–06112- 230412(O)
फैक्स सं0 :– 06112-235205(R), 236854(O)
जिला बेवसाईट :–http://nalanda.bih.nic.in